# पाठ्यक्रम एवं नमूना-पत्र

## 'राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2022' हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम

### पहली कक्षा

छोटे एवं बड़े-जीव जंतुओं की पहचान एवं उनके रहने के स्थान की पहचान, वर्णों की पहचान, चित्र देखकर बिना मात्रा वाले सही शब्द की पहचान, बिना मात्रा वाले शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, एक-अनेक (वचन), (लिंग-स्त्री जाति, पुरुष जाति), चित्र का पहले अक्षर से मिलान (केवल स्वर)

### दूसरी कक्षा

वर्णों की पहचान (स्वर एवं व्यंजन), स्वरों की मात्राओं की सही पहचान, नाम वाले शब्द-संज्ञा, गिनती का सही क्रम (एक से दस), कलगी एवं बिना कलगी वाले पक्षियों के नामों की पहचान, घास एवं मांस खाने वाले जीव-जंतुओं के नाम एवं उनकी आवाज़ें, स्वरों का सही क्रम एवं मात्राएँ, अलग शब्द की पहचान, चित्र देखकर सही शब्द की पहचान, शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, फल एवं सब्ज़ियों के रंगों की पहचान एवं स्वाद, एक-अनेक शब्द (वचन), लिंग (स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग), विपरीत अर्थ वाले शब्द (विलोम)।

### तीसरी कक्षा

पशु-पक्षियों और उनकी आवाज़ों की पहचान, स्वरों एवं व्यंजनों की पहचान, 'र' के विविध रूप, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान,, संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की पहचान, समान (पर्यायवाची) एवं विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्द, शुद्ध शब्द, सप्ताह के दिनों के क्रमबद्ध नाम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, श, ष, स से बने सही शब्द की पहचान, बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान, एक से बीस तक गिनती का सही क्रम, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगो की जानकारी।

### चौथी कक्षा

स्वर एवं व्यंजन, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान ,'र' के रूप, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से तीस तक) अनेक शब्दों के लिए 'एक शब्द'। बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान, भारत के धार्मिक एवं राष्ट्रीय त्योहारों के नाम।

### पाँचवीं कक्षा

स्वर, व्यंजन एवं मात्राएँ, संयुक्त व्यजंन, 'र' के रूप (रेफ और पदेन), मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, काल, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ), वाक्य बनाना एवं अपठित काव्यांश।



## छठी कक्षा

वर्ण- स्वर एवं व्यंजन, मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन, 'र' के रूप (रेफ़ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, शब्द के भेद, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर) पर्यायवाची एवं विलोम शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम-(एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ), वाक्य बनाना या अपठित गद्यांश।



## सातवीं कक्षा

वर्ण- (स्वर एवं व्यंजन), मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ़ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, उपसर्ग, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण शब्द, समुच्चयबोधक, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर), पर्यायवाची एवं विपरीत अर्थ वाले शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अपठित काव्यांश।

## आठवीं कक्षा

वर्ण एवं उसके रूप, शब्द एवं उसके भेद, (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) समास, कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग-वचन, संयुक्त व्यंजन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ और पदेन) मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के प्रकार, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, छह ऋतुओं के हिंदी मे नाम, अनेकार्थी शब्द तथा अपठित गद्यांश या काव्यांश।

## नौवीं कक्षा

वर्ण विचार, शब्द एवं पद, शब्द विचार, लिपि एवं भाषा, बोली और भाषा, 'र' के रूप, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), नुकता एवं आगत और निपात, संधि (स्वर) समास एवं उसके भेद, शब्द एवं उसके भेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, अलंकार, लिंग-वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के प्रकार (अर्थ के आधार पर), वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, महासागरों के हिंदी नाम, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, अनेकार्थी शब्द एवं अपठित (गद्यांश एवं काव्यांश)।

## दसवीं कक्षा

शब्द, पद, बोली, भाषा एवं लिपि, वाक्य-(रचना एवं अर्थ के आधार पर), संधि (स्वर एवं व्यंजन) समास, वाच्य, अलंकार, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), 'र' के रूप, नुक्ता एवं आगत और निपात, विराम चिह्न, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग, वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, सौरमंडल के ग्रहों के हिंदी नाम, अनेकार्थी शब्द तथा अपठित (गद्यांश एवं काव्यांश)।



## ग्यारहवीं कक्षा

मानक वर्तनी, जनसंचार, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, संचार, संचार के साधन, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, संपादकीय, समाचार, संपादक, रस, छंद, अलंकार, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य, संचार के दृश्य एवं श्रव्य साधन, महासागरों के हिंदी नाम, अपठित गद्यांश एवं अपठित काव्यांश।

## बारहवीं कक्षा

अपठित काव्यांश एवं अपठित गद्यांश, संचार, संचार के साधन, जनसंचार, मानक वर्तनी, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, समाचार, संपादकीय, संपादक, अलंकार, रस, छंद, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा-शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य। रिपोर्ट लेखन, संवाददाता, इंद्र धनुष के सात रंगों के हिंदी नाम एवं उनका क्रम, आवेदन-पत्र का प्रारूप एवं दृश्य-श्रव्य साधन।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022

(प्रश्न पत्र का प्रारूप)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतियोगी का नाम | : | ............................................................ | कक्षा | : | ............... |
| पिता/संरक्षक का नाम | : | ............................................................ | अधिकतम अंक | : | ............... |
| कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | : | ............................................................ | समयावधि | : | एक घंटा |

## कक्षा 1 तथा 2 के लिए


### कक्षा-पहली

1. चित्र देखकर सही शब्द से मिलान कीजिए। 5






बतख
बस
अदरक
कमल
घर




2. कौन और कहाँ रहता है? सही मिलान करें– 5

 ● ● 
 ● ● 
 ● ● 
 ● ● 
 ● ● 

### कक्षा-दूसरी

1. बेमेल शब्द पर गोला लगाइए– 5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | पेड़ | फूल | पत्तियाँ | रूमाल |
| (ख) | शेर | बिल्ली | भालू | घर |
| (ग) | तकिया | कटोरी | गिलास | चम्मच |
| (घ) | रोटी | दाल | चावल | गुड़िया |
| (ङ) | सेब | आम | आलू | संतरा |

2. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए– 5

 बकरी कछुआ गाय

 खत नथ पथ

 चूहा कछुआ खरगोश

 टमाटर सेब आलू

 मीनार सितार गिटार

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022

(प्रश्न पत्र का प्रारूप)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतियोगी का नाम | : | ........................................................ | कक्षा | : | ............... |
| पिता/संरक्षक का नाम | : | ........................................................ | अधिकतम अंक | : | ............... |
| कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | : | ........................................................ | समयावधि | : | एक घंटा |

## कक्षा 3 से 12 तक के लिए

### कक्षा-तीसरी

1. कपड़े धुलने वाले को क्या कहते हैं? 4
   - (क) माली
   - (ख) धोबी
   - (ग) सुनार
   - (घ) कुम्हार

2. 'मित्र' शब्द का पर्याय है– 4
   - (क) वीर
   - (ख) दुश्मन
   - (ग) दोस्त
   - (घ) शत्रु

3. 'वह दौड़कर घर गया।' वाक्य में सर्वनाम शब्द है– 4
   - (क) वह
   - (ख) दौड़कर
   - (ग) घर
   - (घ) गया

4. 'भौं-भौं' कौन सा जानवर करता है– 4
   - (क) शेर
   - (ख) बिल्ली
   - (ग) कुत्ता
   - (घ) लोमड़ी

### कक्षा-चौथी

1. अनुस्वार का सही चिह्न है 4
   - (क) इक्कीस
   - (ख) उन्नीस
   - (ग) उनतीस
   - (घ) तेईस

2. कौन-से स्वर की मात्रा नहीं होती? 4
   - (क) 'अ'
   - (ख) 'आ'
   - (ग) 'इ'
   - (घ) 'ओ'

3. 'रोहित अच्छा लड़का है।' वाक्य में अच्छा क्या है? 4
   - (क) संज्ञा
   - (ख) सर्वनाम
   - (ग) विशेषण
   - (घ) क्रिया

4. 'ऋ' से बना सही शब्द है– 4
   - (क) कृपा
   - (ख) कृष्ण
   - (ग) कृषि
   - (घ) तीनों

**नोट :** प्रत्येक कक्षा हेतु ई-अभ्यास-पत्रिका निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।



## कक्षा-पाँचवीं

1. 'प' वर्ग का तीसरा वर्ण क्या है? 4
   - (क) ब
   - (ख) द
   - (ग) ज
   - (घ) ग
2. पंद्रह के बाद कौन-सी संख्या आती है? 4
   - (क) सोलह
   - (ख) सोले
   - (ग) सोलाहा
   - (घ) सौलह

## कक्षा-छठी

1. 'अनुस्वार' वाला सही शब्द क्या है? 5
   - (क) मंजन
   - (ख) चाँद
   - (ग) अत:
   - (घ) कॉफी
2. निम्नलिखित में 'दीर्घ स्वर' है- 5
   - (क) आ
   - (ख) ए
   - (ग) ऐ
   - (घ) तीनों

## कक्षा-सातवीं

1. 'अमृत' शब्द का विलोम है- 5
   - (क) शत्रु
   - (ख) जल
   - (ग) विष
   - (घ) सुधा

## कक्षा-आठवीं

1. 'अपवाद' शब्द में उपसर्ग है- 5
   - (क) अ
   - (ख) अप
   - (ग) वाद
   - (घ) अन्य कोई

## कक्षा-नौवीं

1. 'वह घर चला गया।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है। 5
   - (क) विधानवाचक
   - (ख) विधिवाचक
   - (ग) निषेधवाचक
   - (घ) इच्छावाचक

## कक्षा-दसवीं

1. 'जैसी करनी ............. भरनी।' लोकोक्ति के लिए सही शब्द चुनिए। 5
   - (क) जैसी
   - (ख) ऐसी
   - (ग) वैसी
   - (घ) कैसी

## कक्षा-ग्यारहवीं

1. 'प्रिंट मीडिया' का उदाहरण है- 4
   - (क) रेडियो
   - (ख) समाचार-पत्र
   - (ग) टेलीविज़न
   - (घ) तीनों

## कक्षा-बारहवीं

1. 'संपादकीय' कौन तैयार करता है? 4
   - (क) संपादक
   - (ख) संवाददाता
   - (ग) दोनों
   - (घ) अन्य कोई